Roll No. | |

Total Printed Pages : **16** Total Questions : **23**

Time : **3** Hours Maximum Marks : **80**

हायर सेकेण्डरी परीक्षा / Higher Secondary Examination

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

A

SET / सेट

264318

अर्थशास्त्र - ECONOMICS

(Hindi & English Versions)

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक **32** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न **1** अंक का है। **[** कुल **1×32=32** अंक **]**

(iv) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **75** शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न पर **4** अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **120** शब्दों में लिखिए।

(vii) आवश्यकतानुसार स्वच्छ रेखाचित्र बनाइए।

Instructions :

(i) All questions are **compulsory.**

(ii) Internal options are given in question numbers **6** to **23.**

(iii) Question numbers **1** to **5** are **32** objective type questions. Each objective type question carries **1** mark. **[Total 1×32=32 Marks]**

(iv) Question numbers **6** to **15** each carries **2** marks. Answer these questions approximately in **30** words each.

(v) Question numbers **16** to **19** carries **3** marks each. Answer each question approximately in **75** words.

(vi) Question numbers **20** to **23** carries **4** marks each. Answer each question approximately in **120** words.

(vii) Draw neat diagram wherever necessary.

1 सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1×6=6**

(i) प्रत्येक अर्थव्यवस्था में संसाधनों के वैकल्पिक उपयोगों हेतु ''चयन की समस्या'' का मुख्य कारण है –

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

(अ) संसाधनों की प्रचुरता (ब) संसाधनों की दुर्लभता

(स) संसाधनों का अनुचित दोहन (द) संसाधनों का उपयोग न करना

(ii) उच्च अनधिमान वक्र उपयोगिता के निम्नलिखित स्तर को दर्शाता है –

(अ) उच्च स्तर को (ब) निम्न स्तर को

(स) समान स्तर को (द) ऋणात्मक स्तर को

(iii) किसी दूसरे सर्वश्रेष्ठ कार्य से प्राप्त त्यागा गया लाभ होता है –

(अ) सामान्य लाभ (ब) अधिसामान्य लाभ

(स) अवसर लागत (द) उत्पादन बंदी

(iv) किसी अर्थव्यवस्था में निर्गतों एवं रोजगार के स्तरों में निरंतर गिरावट की स्थिति कहलाती है –

(अ) वृद्धि (ब) विकास

(स) स्थिरता (द) महामंदी

(v) संव्यवहार के लिए सबसे तरल और आसान मुद्रा की माप है –

(अ) M_1 (ब) M_2

(स) M_3 (द) M_4

(vi) भारत में वस्तु एवं सेवा कर निम्नलिखित में से किस वर्ष लागू हुआ ?

(अ) 2006 में (ब) 2016 में

(स) 2017 में (द) 2020 में

Choose and write the correct option :

(i) **Among the competing usage of resources, the main cause of the "Problem of Choice" in every economy is :**

(a) Abundance of resources (b) Scarcity of resources

(c) Misuses of resources (d) No uses of resources

(ii) **Higher indifference curve shows the level of utility is one of the following :**

(a) Higher level (b) Lower level

(c) Same level (d) Negative level

(iii) **The gain forgone from the second best activity is:**

(a) Normal Profit (b) Super-Normal Profit

(c) Opportunity cost (d) The shut-down point

(iv) **Continuously fall by huge amount in the level of output and employment in an economy is called –**

(a) Growth (b) Development

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

(c) Stagnation (d) Great Depression

(v) **For the transaction the most liquid and easiest measure of money is –**

(a) M_1 (b) M_2

(c) M_3 (d) M_4

(vi) **In which of the following years the Goods and Services taxes are implemented in India?**

(a) In 2006 (b) In 2016

(c) In 2017 (d) In 2020

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×6=6

(i) निम्नस्तरीय वस्तुओं के लिए मांग वक्र का शिफ्ट _____ ओर होता है।

(ii) फर्म का लाभ आगम तथा _____ के बीच का अंतर है।

(iii) _____ बाज़ार में फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश एवं बहिर्गमन होता है।

(iv) स्टॉक की संकल्पना एक निश्चित _____ पर माप संबंधी है।

(v) अत्यधिक मांग की स्थिति से दीर्घकाल में कीमतों में _____ होती है।

(vi) सरकारी कार्यवाही द्वारा घरेलू मुद्रा को सस्ता करने की प्रक्रिया _____ कहलाती है।

Fill in the blanks :

(i) For inferior goods the demand curve shifts _____ .

(ii) The profit of a firm is the difference between revenue and _____ .

(iii) In the _____ market a firm can enter and exit freely.

(iv) The concept of stocks are defined at a particular _____ .

(v) The situation of excess demand leads to _____ in prices in the long run.

(vi) The process of making domestic currency cheaper by some government actions is called _____ .

3 सत्य या असत्य लिखिए : 1×6=6

(i) गणनावाचक उपयोगिता दृष्टिकोण के आधार पर उपयोगिता को संख्याओं में व्यक्त किया जा सकता है।

(ii) औसत स्थिर लागत वक्र एक आयताकार अतिपरवलय है।

(iii) एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार में फर्म कीमत निर्धारक होती है।

(iv) उद्यमवृत्ति का पारिश्रमिक ब्याज है।

(v) मुद्रा के माध्यम के बिना आर्थिक विनिमय को वस्तु विनिमय कहा जाता है।

(vi) ऊँची ब्याज दरें फर्मों को अधिक निवेश की प्रेरणा देती हैं।

Write True or False :

(i) On the basis of cardinal utility analysis the level of utility can be expressed in numbers.

(ii) The average fixed cost curve is a rectangular hyperbola.

(iii) In a perfectly competitive market firms are price-determinators.

(iv) The remuneration for entrepreneurship is interest.

(v) Economic exchanges without the mediation of money are referred to as barter exchanges.

(vi) Higher interest rates inspires firms to higher investments.

4 सही जोड़ी बनाइये : **1×7=7**

कॉलम ''अ''	**कॉलम ''ब''**
(i) चाय और कॉफ़ी	(अ) अल्पकाल में
(ii) पंखा तथा बिजली	(ब) कुल निर्गत × बाज़ार कीमत
(iii) कारकों में परिवर्तन	(स) स्थानापन्न वस्तुएँ
(iv) कुल संप्राप्ति	(द) 0 से 1 के बीच
(v) निवल अप्रत्यक्ष कर	(इ) विदेशी विनिमय दर
(vi) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का मान	(फ) अप्रत्यक्ष कर – उपदान
(vii) एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा में कीमत	(ग) पूरक वस्तुएँ

Match the correct pairs :

Column "A"	**Column "B"**
(i) Tea and Coffee	(a) In short-run period
(ii) Fan and Electricity	(b) Total output × Market Price
(iii) Changes in factors	(c) Substitution goods
(iv) Total Revenue	(d) In between 0 to 1
(v) Net Indirect Tax	(e) Foreign Exchange Rate
(vi) The value of marginal propensity to consume	(f) Indirect tax – subsidies
(vii) The price of one currency in terms of another	(g) Complementary goods

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए : **1×7=7**

(i) सीमांत प्रतिस्थापन की दर का सूत्र लिखिए।

(ii) दीर्घकालीन लागतें क्या हैं?

(iii) श्रम बाज़ार में मजदूरी दर का निर्धारण किस बिंदु पर होता है?

(iv) मुद्रास्फीति क्या है?

(v) भारत में करेंसी का निर्गमन कार्य करने वाली संस्था का नाम लिखिए।

(vi) सीमांत बचत प्रवृत्ति किसे कहते हैं?

(vii) संतुलित बजट किसे कहते हैं?

Write the answer in one sentence :

(i) Write the formula of marginal rate of substitution.

(ii) What are long run costs?

(iii) At which point the determination of wage occurs in labour market ?

(iv) What is inflation?

(v) Write the name of the institution which issues currency in India.

(vi) What is marginal propensity to save?

(vii) What is balanced budget?

6 मांग का नियम क्या है? **2**

What is law of demand?

अथवा / OR

मांग की कीमत लोच क्या है?

What is price elasticity of demand?

7 उत्पादन के संदर्भ में अल्पकाल क्या है? **2**

What is the short-run period in the context of production?

अथवा / OR

उत्पादन फलन क्या है?

What is production function?

8 एक कीमत स्वीकारक फर्म का बाज़ार कीमत तथा औसत संप्राप्ति में क्या संबंध है? **2**

What is the relation between market price and average revenue of a price taking firm?

अथवा / OR

एक कीमत स्वीकारक फर्म की बाज़ार कीमत तथा सीमांत संप्राप्ति में क्या संबंध है?

What is the relation between market price and marginal revenue of a price taking firm?

9 कीमत की उच्चतम सीमा क्या है? इसके दो उदाहरण लिखिए। **2**

What is price ceiling ? Write two examples of it.

अथवा / OR

कीमत की निम्नतम सीमा क्या है? इसके दो उदाहरण लिखिए।

What is price floor ? Write two examples of it.

10 उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि से संतुलन कीमत एवं मात्रा किस प्रकार प्रभावित होती है? किन्हीं दो बिंदुओं में लिखिए। **2**

How the equilibrium price and quantity affects if the income of consumers increases ? Write in any two points.

अथवा / OR

उपभोक्ताओं की आय में कमी से संतुलन कीमत एवं मात्रा किस प्रकार प्रभावित होती है? किन्हीं दो बिंदुओं में लिखिए।

How the equilibrium price and quantity affects if the income of consumers decreases ? Write in any two points.

11 वैयक्तिक प्रयोज्य आय किसे कहते हैं? **2**

What is Personal Disposable Income?

अथवा / OR

वैयक्तिक आय किसे कहते हैं?

What is Personal Income?

12 उपभोग फलन का अर्थ लिखिए। **2**

Write the meaning of consumption function.

अथवा / OR

यथार्थ निवेश का अर्थ लिखिए।

Write the meaning of ex-post investment.

13 मितव्ययिता का विरोधाभास क्या है? **2**

What is paradox of thrift?

अथवा / OR

प्रभावी मांग का सिद्धांत क्या है?

What is effective demand principle?

14 वस्तु एवं सेवा कर पुरानी कर व्यवस्था से किस प्रकार श्रेष्ठ है? किन्हीं दो बिंदुओं में लिखिए। **2**

How goods and services tax is better than compared to old tax system? Write in any two points.

अथवा / OR

सार्वजनिक वस्तुएँ किस प्रकार गैर–अपवर्जनीय कहलाती हैं? किन्हीं दो बिंदुओं में लिखिए।

How the public goods are non-excludable? Write in any two points.

15 राजस्व व्यय किसे कहते हैं? **2**

What is Revenue Expenditure?

अथवा / OR

पूँजीगत व्यय किसे कहते हैं?

What is Capital Expenditure?

16 केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था का वर्णन किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए। **3**

Explain the centrally planned economy in any three points.

अथवा / OR

बाज़ार अर्थव्यवस्था का वर्णन किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए।

Explain the market economy in any three points.

17 अनधिमान वक्र को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए। **3**

Explain indifference curve with the help of a diagram.

अथवा / OR

उपभोक्ता के बजट सेट को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

Explain consumer's budget set with the help of a diagram.

18 मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद तथा वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में भेद किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए। **3**

Distinguish between Nominal Gross Domestic Product and Real Gross Domestic Product in any three points.

अथवा / OR

उपभोक्ता कीमत सूचकांक एवं सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक में भेद किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए।

Distinguish between consumer price index and the GDP deflator any three points.

19 ''भारतीय रिज़र्व बैंक को अंतिम शरण ऋणदाता कहा जाता है।'' इस कथन की व्याख्या तीन बिंदुओं में कीजिए। **3**

"Reserve Bank of India is known as lender of last resort". Describe this statement in three points.

अथवा / OR

''अर्थव्यवस्था में व्यावसायिक बैंक ही मुद्रा का निर्माण करते हैं।'' इस कथन की व्याख्या किन्हीं तीन बिंदुओं में कीजिए।

"Commercial Banks are creator of money in the economy". Describe this statement in any three points.

20 एक उपभोक्ता 'A' दो ऐसी वस्तुओं 'x' तथा 'y' का उपभोग करना चाहता है जो केवल पूर्णांक इकाइयों में उपलब्ध हैं। दोनों वस्तुओं की कीमत ₹ 20 के बराबर ही है तथा उपभोक्ता की आय ₹ 80 है। **4**

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

ज्ञात कीजिए :

(i) वे सभी बंडल, जो उपभोक्ता के लिए उपलब्ध हैं।

(ii) जो बंडल उपभोक्ता के लिए उपलब्ध हैं, उनमें से वे बंडल कौन से हैं, जिन पर उपभोक्ता की पूर्ण आय ₹ 80 व्यय हो जाये।

A consumer 'A' wants to consume two goods 'x' and 'y' which are available only in integer units. The two goods are equally priced at ₹ 20 and the consumer's income is ₹ 80.

Find out:

(i) All the bundles that are available to the consumer.

(ii) Among the bundles that are available to the consumer, identify those which cost her exactly Rs. 80.

अथवा / OR

निम्नलिखित सारणी में तीन उपभोक्ताओं A, B तथा C द्वारा तीन वस्तुओं गेहूँ, चावल तथा चीनी की मांगी जाने वाली मात्राएँ दी गई हैं; जबकि प्रत्येक वस्तु की कीमत क्रमशः P_1, P_2 तथा P_3 हैं। सारणी की सहायता से प्रत्येक वस्तु की बाज़ार मांग की गणना कीजिए।

वस्तुएँ/कीमतें	**उपभोक्ताओं द्वारा मांगी मात्राएँ (kg में)**			**बाज़ार मांग**
	A	B	C	
गेहूँ–P_1	10	20	08	?
चावल–P_2	05	15	20	?
चीनी–P_3	02	05	10	?

This is the table for quantity of demanded by three consumers A, B and C; of three goods wheat, rice and sugar at the price of P_1, P_2 and P_3 respectively. Calculate the market demand of each good with the help of the table.

Goods/Prices	**Quantity demanded by consumers (In kg)**			**Market Demand**
	A	B	C	
Wheat–P_1	10	20	08	?
Rice–P_2	05	15	20	?
Sugar–P_3	02	05	10	?

In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.

MPBoardHub

21 अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र का रेखाचित्र प्रदर्शित कर इसकी ऐसी आकृति होने के दो कारणों का वर्णन कीजिए। **4**

By drawing the short-run marginal cost curve, explain any two reasons why does it look so.

अथवा / OR

दीर्घकालीन औसत लागत वक्र का रेखाचित्र प्रदर्शित कर, इसकी ऐसी आकृति होने के दो कारणों का वर्णन कीजिए।

By drawing long-run average cost curve, explain any two reasons why does it look so.

22 समग्र मांग में परिवर्तन का आय पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या किन्हीं चार बिंदुओं में कीजिए। **4**

Describe the effects of change in aggregate demand on income in any four points.

अथवा / OR

न्यून मांग की स्थिति का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या किन्हीं चार बिंदुओं में कीजिए।

Describe the effects of deficient demand in the economy in any four points.

23 स्थिर विनिमय दर के निर्धारण को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट करते हुए उसके दो गुणों का वर्णन कीजिए। **4**

Explain the two merits of fixed exchange rate's determination with the help of a diagram.

अथवा / OR

तिरती विनिमय दर के निर्धारण को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट करते हुए उसके दो गुणों का वर्णन कीजिए।

Explain the two merits of floating exchange rate's determination with the help of a diagram.

———— ◆ ————